प्रेस विज्ञप्ति

13/04/2024

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ए आर जाफर सदिक और अन्य के विरुद्ध चल रही जांच के क्रम में 9 अप्रैल, 2024 को चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली के विभिन्न जगहों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत तलाशी अभियान चलाया ।

ईडी जांच, जाफर सादिक और उनके सहयोगियों के खिलाफ सीमा शुल्क विभाग और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), दिल्ली द्वारा जाफर सादिक और उनके सहयोगियों द्वारा नशीली दवाओं (नारकोटिक पदार्थों)के सीमा पार अवैध व्यापार में शुरू की गई विभिन्न जांच से प्रेरित है।

सादिक, कथित तौर पर एक अंतरराष्ट्रीय नशीली दवाओं की तस्करी सिंडिकेट का मास्टर माइंड है जिसपर पर हेल्थ-मिक्स्ड पाउडर और नारियल से बने सुगंधित उत्पादों की आड़ में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में स्यूडोएफिड्रीन की तस्करी का आरोप लगाया गया है। यह आरोप है कि उन्होंने नशीली दवाओं की बिक्री से प्राप्त आय को रीयल एस्टेट, फिल्म निर्माण और लॉजिस्टिक्स सहित विविध उद्यमों में बदल दिया और अवैध गतिविधियों में प्रमुख का कार्य करते थे।

जाफर सादिक द्वारा अर्जित नकदी के शोधन की सुविधा में शामिल संस्थाओं से जुड़े आवासों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को तलाशी के लिए लक्ष्य बनाया गया था| साक्ष्य से पता चलता है कि नकदी को विभिन्न क्षेत्रों में, विशेष रूप से फिल्म उत्पादन और आतिथ्य उद्योग और अचल संपत्तियों को खरीद में निवेश करने से पहले विशिष्ट फाइनेंसरों द्वारा विभिन्न माध्यम से स्तरित किया गया था , 6 करोड़ रुपये से अधिक नकद सीधे भुगतान और मूवी प्रोडक्शन के लिए 12 करोड़ नकद ,इस तरह निवेशित (रूट)और स्तरित(लेयर्ड) किया गया था। इसके अलावा जाफर सादिक द्वारा नियंत्रित संस्थाओं के बैंक खातों में 21 करोड़ रुपये से अधिक नकद जमा देखे गए। अचल संपत्तियों के अधिग्रहण के लिए भी नकदी का उपयोग उल्लेखनीय है। लगभग, 40 करोड़ रु. से अधिक नकद लेनदेन के दस्तावेज प्राप्त हुए हैं ।जांच जारी है क्योंकि अवैध वित्तीय गतिविधियों के जटिल जाल की सूक्ष्मता का पता लगाने के लिए आगे विश्लेषण की जा रही है ।

तलाशी अभियानों के दौरान अपराध संकेती दस्तावेजों के एक नेटवर्क का पता लगाया गया और मादक पदार्थों की तस्करी से प्राप्त धन के उपयोग से खरीदे गए चल और अचल दोनों तरह की संपत्तियों के विवरण का खुलासा किया गया , जिन्हें पर्याप्त साक्ष्य के रूप में जब्त कर लिया गया है |

आगे की जांच चल रही है |